ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

---

# कुलाधिपति प्रो. नामवर सिंह, समाजसेवी राजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में हिंदी विश्वविद्यालय का 14वां स्थापना दिवस आज




वर्धा दि. 28 दिसंबर 2011: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का 14 वां स्थापना दिवस गुरूवार दि. 29 दिसंबर को शाम 05.00 बजे विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स परिसर में मनाया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रैमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता समाजसेवी राजेंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति तथा सुविख्यात आलोचक प्रो. नामवर सिंह करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय, प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन, कुलसचिव डॉ. के. जी. खामरे एवं विश्वविद्यालय अध्यापक, कर्मी तथा छात्र प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। मुख्य समारोह के पश्चात शाम 6.00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें श्री श्री गोविंदजी नत संकीर्तन, मणिपुर नृत्य प्रस्तुत करेंगे। समारोह में उपस्थित रहने की अपील कुलसचिव डॉ. कैलाश खामरे ने की है।